an>

Title: Need to develop a Shiv circuit connecting places of religious importance associated with Lord Shiva in Muzaffarpur and Gopalganj districts of Bihar.

श्री जनक राम (गोपालगंज) : छपरा व तिरहुत मंडल के अंतर्गत आने वाले धार्मिक स्थल हरिहरनाथ महादेव-सोनपुर (छपरा), सिंहासिनी धाम-बैकुंठपुर गोपालगंज, नागेश्वर नाथ महादेव-सिद्धवलिया, सोमेश्वर नाथ महादेव-अरेराज चम्पारण एवं गरीब नाथ महादेव मुजफ्फरपुर की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक पहचान है, जिसमें मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज (बिहार) के भी कुछ धार्मिक स्थल आते हैं। यहां से करोड़ों लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। हरिहरनाथ से जल भरकर दूसरे धार्मिक स्थलों पर जल चढ़ाने की परम्परा चली आ रही है। इस क्षेत्र की जनता बहुत पहले से ही इन धार्मिक स्थलों को गंडक शिव सर्किट के नाम से एक दूसरे के साथ जोड़ने की मांग करती चली आ रही है, जिसके बनने से यहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और इन क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास होगा।

अतः मेरा माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय संस्कृति मंत्री जी से अनुरोध है कि इन सभी धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए यहां बुनियादी व ढांचागत विकास कराकर ""शिव सर्किट""

बनाए जाने की कृपा की जाये।